# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–05.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने निवेश में बुनियादी ढांचे और उद्योगों को जितनी प्राथमिकता दी है, उतनी ही प्राथमिकता लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार को भी दी है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार पर बजट के बाद एक वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि लोगों में निवेश का लक्ष्य तीन स्तंभों शिक्षा, कौशल और स्वास्थ्य सेवा पर टिका है। उन्होंने कहा कि आज लोग देख सकते हैं कि कैसे कई दशकों के बाद भारत की शिक्षा प्रणाली एक बड़े बदलाव से गुजर रही है।

*****************

रांची में झारखंड विधानसभा बजट सत्र के सातवें दिन बकाया लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये के मुद्दे पर पक्ष और विपक्ष आमने–सामने आ गए। सत्ता पक्ष केंद्र सरकार से बकाया राशि की मांग कर रहा है, जबकि विपक्ष इसे ध्यान भटकाने की राजनीति बता रहा है। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार से बकाया राशि मिले बिना राज्य के संचालन में मुश्किल आएगी। इधर भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि राज्य सरकार जनता को भ्रमित कर रही है।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज नवचयनित 49 प्रशिक्षण पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंप रहे हैं। श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर से हाल ही में इन प्रशिक्षण पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह रांची के प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित किया गया है।

*****************

डालटनगंज में प्रधानमंत्री जन औषधि योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। यहां के मेदनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जन औषधि केंद्र से रोजाना करीब 700 मरीज सस्ती दवाओं का लाभ उठा रहे हैं। संचालक पंचम कुमार ने बताया कि यहां जेनरिक दवाएं बाजार दर से लगभग आधे दाम पर उपलब्ध हैं।

*****************

जमशेदपुर के क्वाइन कलेक्टर क्लब, साकची में जे.एन. टाटा की 186वीं जयंती पर सिक्कों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। 3 से 5 मार्च तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में जे.एन. टाटा से जुड़े सिक्के, डाक टिकट, दुर्लभ टोकन और एंटीक वस्तुएं प्रदर्शित की जा रही हैं। क्लब अधिकारी राधा रानी ने लोगों से प्रदर्शनी में आकर इतिहास और विरासत को जानने का आग्रह किया।

*****************

जामताड़ा जिले के बेना गांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय उन्मुखीकरण शिविर का आयोजन किया गया।

*****************

राजधानी रांची में कल झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा खेल–कूद प्रतियोगिता 2025 का उद्घाटन होगा। केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, धुर्वा में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार करेंगे।

*******समाप्त*******